


## एक नजर में

### पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 6 फरवरी को होगा

**सारंगपुर 31 जनवरी, सं.** पाटीदार समाज का 41 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 6 फरवरी को कपिलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में किया जाएगा. समिति के अध्यक्ष मोहनलाल रावत ने बताया की सामूहिक विवाह सम्मेलन में 37 जोड़ का विवाह विवाह संपन्न कराया जाएगा. आयोजन समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. आयोजन स्थल पर पंडाल, मंच, सजावट भोजन प्रसादी आदि की अलग-अलग व्यवस्था दी गई. आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन में बड़ी संख्या में जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया जाएगा. कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति रहेगी. नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान एवं उपहार भी प्रदान किए जाएंगे. आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है. सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकता, सादगी एवं आपसी सहयोग की अपील की, उक्त जानकारी समाज कै महेश पाटीदार ने दी.

### कांग्रेस पार्टी ने मनाया शहादत दिवस

**पचोर 31 जनवरी, सं.** जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के निर्देश पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस के अवसर पर मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में में धरना आंदोलन दिया गया. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाने के साथ ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनवारी लाल मालवीय नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित बंसल,देवेंद्र पाराशर,राजेंद्र सिंह जाट, देव वर्मा, खालिद मंसूरी,राधेश्याम जायसवाल द्वारा पचोर नगर की स्थानीय समस्याओं को भी सार्वजनिक रूप से उठाया गया तथा स्थानीय प्रशासन से शीघ्र ही समस्याओं का समाधान कर नागरिकों को सुविधा उपलब्ध करने की बात कही गई अन्यथा नगर कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दुर्गा प्रसाद शर्मा,कंवर लाल मुंदेरिया, बंटी छाबड़ा, सखावत भाई कुरेसी, महेश मालवीय, सुधीर गुप्ता, अमन मुंदेरिया, आनंद मेहता, शुभम शर्मा सुनील अशोक दीक्षित, ब्दुल रहमान, हेमंत पंडित,अनीस पठान, नरेंद्र ठाकुर, बुरहान शैफी, अनूप दीक्षित, संजय चौधरी, रामबाबू गुर्जर, गोविंद गुर्जर, कालू दादा,विनोद शर्मा, सैफू पटेल, महेश्वर सिंह, अनिल मुंदरियों, रमेश राजपूत, सहीत बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे. योग कांग्रेस अध्यक्ष गिर्राज रजक ने आभार व्यक्त किया.

### एकल नलजल योजनाओं के स्थायित्व हेतु प्रयास

**राजगढ़ 31 जनवरी, का.** भोपाल संभाग के राजगढ़ जिले की भू-गर्भीय संरचना डेक्कन ट्रेप बेसाल्टिक चट्टानों की कठोर एवं मोटी परतों से बनी होने के कारण वर्षा जल का भू-गर्भ में गहराई तक पहुंचना कठिन होता है. इसी वजह से जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से पेयजल संकट बना रहता था, जो एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आया.


**आवश्यकता है**
क्लीनिक हेतु सिस्टर या कम्पाउण्डर की आवश्यकता है.
वेतन योग्यतानुसार
डॉ. ए.के. अग्रवाल
सम्पर्क- 9425039424, 8718083886
बिल 3 फरवरी


# ढलान पर अचानक ट्रक के ब्रेक फेल हुए

## खिलचीपुर के नाहरदा गेट के पास हुआ हादसा, 3 वाहनों को टक्कर मारी, 4 लोग घायल हुए

**खिलचीपुर में हुई घटना से मची अफरा-तफरी, 3 विद्युत पोल को भी टक्कर मारी, बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ विद्युत पोल**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 31 जनवरी, सं. खिलचीपुर में शनिवार को एक ट्रक के ब्रेक फेल होने से वह अनियंत्रित होकर बेकाबू हो गया. ट्रक ने तीन वाहनों को टक्कर मारी. दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गये.**

जानकारी के अनुसार ट्रक का ब्रेक फेल होना बताया जाता है. इसके बाद अनियंत्रित हुए ट्रक ने तीन वाहनों को अपनी चपेट में लिया. इसमें चार लोगों को चोट आई है. ट्रक ने एक बिजली के खंबे को भी टक्कर मारी जिससे खंबा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. खिलचीपुर में श्मशान के समीप नाहरदा गेट क्षेत्र में शनिवार दोपहर राता देवी मंदिर की घाटी से उतरते समय एक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए. अनियंत्रित ट्रक ने एक के बाद एक तीन वाहनों को टक्कर मारी और अंत में बिजली के खंभे में जा टकराया. घटना में चार लोग घायल हुए है, जबकि मौके पर मौजूद अन्य लोग बाल-बाल बचे.



### बोलेरो वाहन को घसीटकर ले गया

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर ट्रक घाटी से नीचे उतरते समय ब्रेकर के पास अचानक नियंत्रण से बाहर हो गया .ट्रक बोलेरो को लगभग 90 फीट तक घसीटता हुआ ले गया. बोलेरो में एलएनटी कंपनी के 7 कर्मचारी सवार थे, जो भोजपुर से खिलचीपुर की ओर जा रहे थे. बेकाबू ट्रक इसके बाद नाहरदा गेट के पास सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को कुचलता हुआ आगे बढ़ा और सड़क से नीचे खड़े टाटा एस वाहन को टक्कर मार दी. इसके बाद ट्रक बिजली के खंभे में जा भिड़ा. खंबे के तीन टुकड़े हो गये. बिजली के तार जमीन पर आ गिरे घटना से अफरा-तफरी मच गई. जहां हादसा हुआ, वहां अक्सर खेलते हैं बच्चे स्थानीय लोगों ने बताया कि नाहरदा कॉलोनी के पास जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां आमतौर पर बच्चे शाम के समय खेलते रहते हैं. गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई बच्चा मौजूद नहीं था, वरना स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी. इस बात को लेकर क्षेत्र में चर्चा और चिंता का माहौल बना रहा. घटना में बोलेरो वाहन में सवार मुकेश दांगी उम्र 28 वर्ष निवासी रनारा थाना छापीहेड़ा, पवन राठौर उम्र 29 वर्ष निवासी दयाखेड़ी थाना लीमा चौहान, हेमंत सिंह खिंची उम्र 31 वर्ष निवासी खिलचीपुर, मोहन दांगी उम्र 43 वर्ष निवासी सोयत खुर्द जिला आगर को हल्की चोट आई. घायलों को एंबुलेंस से खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया.



### ड्राइवर ने कहा-ब्रेक फेल होते ही चिल्लाया

पुलिस ने कंटेनर चालक यूनुस खान उम्र 35 वर्ष निवासी चामुंडी कला जिला अलवर राजस्थान को हिरासत में ले लिया है. चालक ने बताया कि वह कोटा से कंटेनर हैदराबाद लेकर जा रहा था. राता देवी मंदिर के आगे घाटी उतरते समय ब्रेकर के पास अचानक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए. चालक के अनुसार ब्रेक फेल होते ही वह लोगों को हटाने के लिए जोर-जोर से चिल्लाया. इसी बीच ट्रक आगे चल रही बोलेरो वाहन से टकरा गया. क्षतिग्रस्त बाइक विद्युत विभाग के कर्मचारी वंश बनावड़े की है, उनके अनुसार वह नाहरदा कॉलोनी में बिजली बिल वसूली के लिए गए थे और बाइक सड़क से नीचे खड़ी की थी. नाहरदा कॉलोनी निवासी जाकिर मोहम्मद के अनुसार उनका टाटा एस वाहन सड़क से नीचे खड़ा था जो ट्रक की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया. जानकारी लगते ही खिलचीपुर थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे.

**तलेन में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक शुभ दिन**



# डेढ़ करोड़ से बनेगा 30 बिस्तरों का अस्पताल

## रंग लाई नवभारत की मुहिम, आज भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**तलेन 31 जनवरी, सं. तलेन नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से आज का दिन शुभ माना जाएगा. आज तलेन में नए 30 बिस्तरों वाले अस्पताल का भूमिपूजन होगा. भवन करीब 1 करोड़ 44 लाख की लागत से बनेगा.**

जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन तलेन का 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 02 एफ 02 जी एवं 02 एच टाईप आवासगृहों इत्यादि में निर्माण कार्य होगा. आयोजन में सांसद रोड़मल नागर, विधायक मोहन शर्मा और मण्डल भाजपा अध्यक्ष विजय सिंह रूहैला बतौर अतिथि शामिल होंगे. नागरिकों में इसे लेकर हर्ष है और सभी ने उम्मीद जताई है कि जल्द एक व्यवस्थित अस्पताल भवन शहर को मिलेगा.

उल्लेखनीय है कि 1948 में निर्मित आरोग्य भवन के स्थान पर नवीन अस्पताल बनाया जाना था. अक्टूबर 2023 को भूमिपूजन के बाद उसके निर्माण की फाईल मानो दफन हो गई थी. लंबे अंतराल से नागरिक इसके निर्माण की मांग कर रहे थे. मामले को लेकर नवभारत ने अपनी खबरों से मुहिम चलाई थी.



# कचनारिया टोल पर 15 हजार का जुर्माना

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 जनवरी, का. फास्ट टैग में पर्याप्त बैलेंस होने के बावजूद फास्ट टैग से टोल की राशि ना काटकर टोल की दोगुनी नगद राशि वसूलने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने टोल कंपनी पर टोल की अतिरिक्त राशि सहित15 हजार रूपए का जुर्माना लगाया.**

प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी शैलेंद्र कुमार गुप्ता निवासी खुजनेर 28 जून 2022 को अपनी कार क्रमांक एमपी 39 सी 3576 से यात्रा करते हुए एन एच 52 के ग्राम कचनारिया तहसील ब्यावरा टोल प्लाजा से गुजरे उसे वक्त उनके पास ट्रैक में 250 का पर्याप्त बैलेंस था.

एक तरफ की यात्रा के नियम अनुसार फास्ट ट्रैक से 70 की राशि टोल प्लाजा पर काटी गई, वही उसी दिन अपनी यात्रा समाप्त कर वापसी करते हुए उक्त टोल प्लाजा पर टोल की राशि फास्ट ट्रैक से निर्धारित 35 वसूली जाना थी. परंतु कचनारिया स्थित टोल प्लाजा कंपनी के कर्मचारियों ने फास्ट ट्रैक से निर्धारित 35 की राशि ना वसूलते हुए 140 रुपए की नगद राशि वसूली गई. इसी दिन पुन: उक्त मार्ग पर यात्रा करने पर पुन: टोल की राशि नगद 140 रुपए वसूल की गई जबकि फास्ट टैग में पर्याप्त 140 रुपए का बैलेंस था. टोल प्लाजा के उक्त कत्य से दुखी होकर वाहन मालिक ने 18 अगस्त 2022 को जिला उपभोक्ता विवाद प्रति पोषण आयोग राजगढ़ में वाद दायर किया जिसकी विधिवत कार्य करते हुए टोल प्लाजा कंपनी को नोटिस जारी किया गया. टोल कंपनी की ओर से उपस्थित न होने पर एक पक्षीय सुनवाई करते हुए दिनांक 29 जनवरी 2026 को टोल कंपनी पर अधिक वसूल की गई टोल राशि के 280 रुपए एवं मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में 10 हजार का जुर्माना लगाया गया. वाद व्यय के रूप में 5 हजार रूपए की राशि का भुगतान करने के आदेश दिए गए.

### पीएम श्री स्कूल गागोरनी में करियर मार्गदर्शन आयोजित



**जीरापुर 31 जनवरी, सं.** पीएमश्री शासकीय उमा विद्यालय गागोरनी में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए करियर मेला का आयोजन किया गया. इसमें छात्रों को विषय चयन और विभिन्न प्रकार के करियर , छात्रवृत्ति योजनाएं संबंधी जानकारी प्रदान की. स्कूल काउंसलर अनिल पुष्पद द्वारा करियर काउंसलिंग की आवश्यकता पर चर्चा की. वहीं अजीत राणावत, डॉ. अतुल प्रजापति ने करियर सम्बंधित जानकारी दी. बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े हुए समस्त संभावनाओं और बैंकिंग फ्रॉड के बारे में बच्चों को जानकारी दी . केरियर मेले के आयोजन में प्राचार्य रमेशचंद्र दांगी, विजय सिंह चौधरी, आशिष शर्मा, अंतिम पुष्पद, भगवान सिंह मालवीय और कमल सिंह दांगी सहित स्टाफ उपस्थित रहा.

# सवा 3 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

## क्षेत्र का विकास ही हमारी प्राथमिकता-विधायक

नवभारत न्यूज

**कुरावर 31 जनवरी, सं.** कुरावर क्षेत्र में विधायक मोहन शर्मा ने विगत दिवस ग्रामीण अंचलों में तीन करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रमों की सहभागिता की. ग्राम लशकरपुर में एक करोड़ 74 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पीएम हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का भूमि पूजन किया. ग्राम में ही 10 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया.

ग्राम बिंजवा के विजवा रास्ते पर 10 लाख रुपए की लागत से पुलिया निर्माण तथा ग्राम चौकी में 20 लाख रुपए की पुलिया निर्माण का भूमि पूजन किया गया. ग्राम लसुलिया हाजी में 10 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम तक रास्ते के निर्माण एवं 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया. ग्राम पालखेड़ी में 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, ग्राम पंचायत काकरिया मीना में 20 लाख रुपए की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया. ग्राम



पंचायत पालखेड़ी में 37 लाख 49 हजार रुपए की लागत से निर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया. ग्राम बलवा भट्ट में 9 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बने आंगनबाड़ी भवन तथा ग्राम बिंजवा में आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया. कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर, जिला मंत्री डॉ. कैलाश वैष्णव, मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, रवि मीणा, सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में सरपंच फूल सिंह चौधरी, मनोज कलावत, दिनेश दांगी, जगदीश उमरी, गुड्डू जाटव, ज्वाला प्रसाद बुंदेला, सरपंच रामस्वरूप मीणा, लखन राजपूत, अशोक मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

### विशाल हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुए हजारों लोग

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 31 जनवरी, सं.** हिंदू समाज को अपने अतीत और गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते रहना चाहिए. महाराज शिवाजी राणा प्रताप भगवान श्री राम श्री कृष्ण सभी ने समाज को संगठित कर धर्म संस्थापना का कार्य किया था. उक्त उद्बोधन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं जिला प्रचारक ब्यावरा दीपक सिंह तोमर ने शनिवार को समीपस्थ ग्राम खनोटा देव बडली पर शताब्दी वर्ष के निमित्त आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही. एक स्वस्थ समाज स्थापित होगा बलिराम हेडगेवार ने सामाजिक समरसता एवं संस्कृति की रक्षा के लिए ही अपना जीवन समर्पित किया.

# पारदर्शिता के लिए मनरेगा में बदलाव किए हैं : सांसद

नवभारत न्यूज

**पचोर 31 जनवरी, सं.** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबीजी रामजी) योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर भाजपा जिला, ब्लॉक, ग्राम तक सम्मेलन, कार्यशाला और चौपाल का आयोजन करेगी. आयोजनों की तैयारी को लेकर पचोर में स्थित रामपुरिया बालाजी परिसर पर जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद रोडमल नागर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, प्रताप मंडलोई, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोना सुस्तानी की मौजूदगी में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई. सांसद श्री नागर ने कहा कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और जवाबदेही तय करने के लिए अमूलचूल बदलाव, संशोधन कर केंद्र सरकार



ने किए है. इस ग्रामीण मजदूर हितैषी योजना का दुष्प्रचार कर विपक्षी दल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है. जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिला संयोजक, सह. संयोजक की नियुक्तियां की. बैठक में जी रामजी जिला संयोजक दिलबर यादव,

### निशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन

**झाडला 31 जनवरी, सं.** महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साईनसेस एंड रिसर्च एव आरएम धारीवाल हॉस्पिटल यूनिट ऑफ जैन सर्वोदय विद्या ज्ञानपीठ समि ति द्वारा ग्राम झाडला में ग्राम पंचायत भवन में निशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया. सरपंच देवी प्रसाद देरवाल एवं सचिव मनोहरलाल प्रजापति के द्वारा दीप प्रज्वलित कर नि:शुल्क स्वस्थ शिविर को प्रारम्भ किया गया. शिविर में उपलब्ध चिकित्सक मेडिसिन विभाग,नेत्ररोग विभाग, शल्य चिकित्सा विभाग (सर्जरी), स्त्री एवं प्रसति रोग विभाग,अस्थि रोग विभाग,श्वास रोग विभाग आयुष्मान का बनाने की सुविधा उपलब्ध है.

### समर्थन मूल्य पर पंजीयन 7 फरवरी से

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 जनवरी, का.** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी हेतु पंजीयन किए जाने की तारीख घोषित कर दी है. समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक किए जा सकेंगे. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है, इस अवधि में किसान पंजीयन करा सकते है. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का कहना है कि किसान बंधु निर्धारित समय में पंजीयन करा ले, ताकि किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो. पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है. भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
CIN L65110TN2014PLC097792,
पंजीकृत कार्यालय: - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड,
चेटपेट, चेन्नई-600031. टेलीफोन: +91 44 4564 4000 फैक्स: +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जे का नोटिस**
**(अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 3] के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता/सह-उधारकताओं और गारंटीकताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नीचे संलग्न मांग नोटिस में उल्लिखित राशि को मांग नोटिस की तिथि से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों सहित चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया है।
ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर राशि चुकाने में असफल रहे हैं, इसलिए ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता संख्या | खाता सह-उधारकर्ता/ओं का नंबर और गारंटर नाम | गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण | मांग नोटिस | | कब्जा लेने की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक | बकाया राशि (रु.) | |
| 69877893 | 1. बाबूलाल डांगी 2. शारदा डांगी | मकान संख्या 68 में स्थित अचल संपत्ति (आवासीय मकान) का पूरा हिस्सा (18+21.5)/2 X 31.5 X 622.125 वर्ग फुट (57.818 वर्ग मीटर) पीएच.एन. 07, वार्ड संख्या 06, ग्राम खुरी, तहसील बियाओरा, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, 465674 में स्थित है और इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: दिनेश डांगी का मकान, पश्चिम: गली, जगदीश का मकान, उत्तर: हेमराज का मकान, दक्षिण: आम सड़क | 28.12.2024 | रू. 3,62,871.23/- | 29.01.2026 भौतिक कब्जा |
| 103593367 | 1. भगवान सिंह सोंधिया 2. संगीता चौहान | मकान संख्या 01 का वह पूरा भूखंड, कुल क्षेत्रफल 1491 वर्ग फुट, आबादी सर्वेक्षण संख्या 128, पी.एच. नं. 04, ग्राम: जामोनिया घाटा, तहसील: बियाओरा, जिला: राजगढ़, मध्य प्रदेश-465674, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: नारायण सिंह का मकान, पश्चिम: रामकरण, उत्तर: सड़क, दक्षिण: देव सिंह का मकान | 31.07.2024 | रू. 5,74,178.71/- | 29.01.2026 भौतिक कब्जा |

विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) द्वारा मांग नोटिस में उल्लिखित राशि के साथ-साथ मांग नोटिस की तारीख से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क का प्रभार लगाया जाएगा।

**दिनांक: 29.01.2026**
**स्थान: मध्य प्रदेश**

**अधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**